भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1825
उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2026

धाराशिव में उप-डाकघर

1825. श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि जनसंख्या वृद्धि तथा डाक सेवाओं की बढ़ती मांग के बावजूद, महाराष्ट्र के धाराशिव लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के कई बड़े गांवों में उप-डाकघर या तो उपलब्ध नहीं हैं या अपर्याप्त हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या महाराष्ट्र के धाराशिव लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न बड़े गांवों में नए उप-डाकघरों की स्वीकृति तथा उन्हें शीघ्र संचालित करने के संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विशेषकर संसद सदस्य द्वारा समय-समय पर मांगें एवं प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का उक्त मांगों को ध्यान में रखते हुए धाराशिव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के पात्र बड़े गांवों में नए उप-डाकघर स्वीकृत करने तथा उन्हें शीघ्र स्थापित करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो संभावित समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) जी, नहीं। धाराशिव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में धाराशिव जिला, लातूर जिले के अंतर्गत औसा तहसील और सोलापुर जिले के अंतर्गत बार्शी तहसील शामिल है। वर्तमान में, धाराशिव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में 1 प्रधान डाकघर, अर्थात् धाराशिव प्रधान डाकघर, 41 उप-डाकघर और 331 शाखा डाकघर कार्यरत हैं। पिछले वर्ष के दौरान बढ़ती हुई जनसंख्या और डाक सेवाओं की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए जनता एवं माननीय सांसद से प्राप्त मांगों के आधार पर धाराशिव लोक सभा में 2 नए उप-डाकघर अर्थात् इटकुर उप-डाकघर और तेरखेड़ा उप-डाकघर तथा 1 नया शाखा डाकघर अर्थात् झरेगांव शाखा डाकघर खोले गए हैं।

(ख) और (ग) जी, हां। महाराष्ट्र के लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में धाराशिव के विभिन्न गांवों में नए उप-डाकघरों को खोलने के संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विशेषकर सांसद द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों का विवरण निम्नानुसार है :

क्र. सं.	**निम्न स्थानों पर नए उप-डाकघरों की मांग की जा रही है**	**की गई कार्रवाई का विवरण**
1	सारोला बीके	पुनर्स्थापन के माध्यम से सारोला बीके उप-डाकघर और मस्सा केएच उप-डाकघर को खोलने का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया है तथा ये सितंबर 2026 के अंत तक कार्यरत हो जाएंगे।
2	मस्सा केएच	
3	गोविंदपुर	
4	वालवड	
5	अंबेजवल्गे	
6	कसबे-तडवले	

7	धानुरी	समीक्षा किए जाने पर पाया गया कि विभागीय मानदंडों के अनुसार मौजूदा शाखा डाकघर का कार्यभार मानदंड से कम है। अतः यह व्यवहार्य नहीं है।
8	तुरोरी	
9	नारंगवाडी	
10	तमलवाडी	
11	करजखेडा	
12	मंगरूल (टीजेआर)	
13	तोरांबा	

(घ) पुनर्स्थापन के माध्यम से सारोला बीके उप-डाकघर और मस्सा केएच उप-डाकघर को खोलने का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया है तथा ये सितंबर 2026 के अंत तक कार्यरत हो जाएंगे।

******